an>

Title: Regarding steps being taken to start domestice flights, cargo services and night landing facilities from Jalgoan Airport to Delhi and Mumbai via Pune.

श्री ए.टी.नाना पाटील (जलगाँव) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि भारत सरकार ने वर्ष 2012 में लगभग सैंकड़ों करोड़ रुपये की लागत से जलगांव एयरपोर्ट का नव-निर्माण किया। इतना ही नहीं, वहां पर स्कैनर की सुविधा भी उपलब्ध करायी है। इसके साथ-साथ इस एयरपोर्ट के रख-रखाव और कर्मचारियों के वेतन के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जलगांव से अभी तक कोई भी घरेलू उड़ान या कार्गो सेवा उपलब्ध नहीं हो पायी है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं कि जलगांव क्षेत्र के पास विश्व धरोहर अजंता एवं एलोरा की गुफाएं बहुत पास हैं। यह एयरपोर्ट शुरू होने से बाहर से आने वाले पर्यटकों की समस्याएं हल हो सकती हैं। यहां पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक भी आ सकते हैं। जलगांव ऐसा जिला है, जहां केली का उत्पादन …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात पूरी हो गयी है।

â€¦(व्यवधान)

श्री ए.टी.नाना पाटील : अध्यक्ष महोदया, यह मेरा बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है, जो वर्ष 2012 से पड़ा हुआ है, लेकिन सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। …(व्यवधान) यहां स्टील इंडस्ट्री होते हुए भी सरकार …(व्यवधान)